पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-5 मानसरोवर, जयपुर

संविदा साक्षात्कार सत्र 2026-27

संविदा साक्षात्कार में अभ्यर्थियों हेतु दिशा निर्देश:-

(1) पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-5 मानसरोवर, जयपुर में सत्र 2026-27 के लिए अनुबंधीय आधार पर शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु जारी की गयी नियत सारणी के अनुसार तात्कालिक साक्षात्कार आयोजित किये जाएँगे। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तथा विज्ञापन में दिए गए निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल ना करने की पूर्ण सम्भावना रहेगी और यह अधिकार विद्यालय के पास रहेगा। चूंकि विद्यालय में अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ भी संचालित हो रही हैं अतः समय का विशेष ध्यान रखें और साक्षात्कार नियत समय में ही कर लिए जायेंगे।

(2) अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय विद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध आवेदन प्रपत्र को ही भरकर प्रस्तुत करें। अलग अलग पद के लिए अलग अलग आवेदन दिए गए है। यदि एक अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है तो अलग अलग फॉर्म भरे जायेंगे तथा उनके साथ अलग सेट में दस्तावेजों की प्रति लगायी जायेगी। आवेदन हेतु किसी अन्य विद्यालय का फॉर्म अथवा किसी अन्य फॉर्मेट का प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

(3) आवेदन पत्र भरते समय हर कॉलम को ध्यान से पढ़ें और मांगी गयी सूचना उचित रूप से भरें। साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु साथ लावें तथा फॉर्म में लगाए गए दस्तावेजों को स्व-हस्ताक्षरित करें।

(4) अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा होने पर साक्षात्कार से पहले लिखित परीक्षा भी करवाई जा सकती है।

(5) अभ्यर्थी फॉर्म भरने से पहले उस पद हेतु वांछित योग्यता का मिलान कर लें। यदि उनकी योग्यता केंद्रीय विद्यालय के नियमानुसार नहीं है तो आवेदन ना करें। प्रत्येक पद हेतु वांछित योग्यता का विवरण विद्यालय की वेबसाईट पर उपलध है।

(6) योग प्रशिक्षक अथवा खेल-कूद प्रशिक्षक पदों के लिए अभ्यर्थियों से कौशल प्रदर्शन (डेमो) भी करवाया जा सकता है अतः उचित वेश भूषा में उपस्थित हों।

(7) सभी पदों के लिए समेकित मासिक / दैनिक मानदेय केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार देय होगा तथा शिक्षकों की आवश्यकता पड़ने पर ही सूचीबद्ध पैनल के अभ्यर्थियों को कार्य हेतु बुलाया जायेगा।

(8) आवेदन पत्र डाक अथवा ईमेल से स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(9) अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे साक्षात्कार के दौरान अनुशासन बनाए रखें और साक्षात्कार / चयन हेतु बाह्य प्रभाव का प्रयोग ना करें।

प्राचार्य